आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.06.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री-पर्यावरण दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। यह पौधा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के एक भाग के रूप में लगाया गया था, जिसका उद्देश्य अरावली पर्वतमाला के सात सौ किलोमीटर क्षेत्र में पुनः वनरोपण करना है। भोपाल में भारतीय खेल प्राधिकरण SAI परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो CBC, पत्र सूचना कार्यालय PIB भोपाल एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

प्रदेशभर में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम जारी है। नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में रेलवे हेल्थ यूनिट कॉलोनी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अनूपपुर पांडव कालीन मॉड्फा तालाब समातपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कटनी जिले में इस मौके पर स्कूल परिसर, सार्वजनिक स्थल और अमृत सरोवर के आस–पास पौधरोपण किये जा रहे हैं।

पर्यावरण दिवस मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज भोपाल में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को "मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार" प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीएचडी कर रहे युवाओं को पर्यावरण छात्रवृत्ति प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने "वेटलैंड एटलस" का विमोचन किया।

सरकार के 11 वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोगों को गरीबी से उबारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। लोगों के सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर उठाए कदमों के बारे में भी बताया। केंद्र में मोदी सरकार ने सुशासन और गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देते हुए गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए जोर ने पारदर्शिता और अंतिम मील तक लाभों की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित की है। श्री मोदी ने 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी को हराने में मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया।

ऑक्युलर ट्रामा

आंखों में लगने वाली आंतरिक चोट ऑक्युलर ट्रामा से अंधत्व का खतरा होता है। इस पर भोपाल के हमीदिया चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विवेक सोम ने बताया कि वेल्डिंग, लैथ मशीन, बिल्डिंग पर काम करते है वह लोग सतर्क रहे । इसी प्रकार बच्चे को भी कई बार क्रिकेट की बॉल, गिल्ली डंडा जैसे खेल में आंखो में चोट लग जाती है जो अंधत्व का कारण बन सकता है।

डॉ विवेक सोम आई स्पेशलिस्ट हमीदिया चिकित्सालय

समाचार संक्षेप में .....

- गंगा दशहरा पर्व के पावन अवसर पर अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में आज मंदिर की पहली मंजिल पर राजा राम और अन्य देवताओं की प्राण

प्रतिष्ठा की गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया।

- नर्मदापुरम में गंगा दशहरा पर आज हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा तट सेठानी घाट, कोरी घाट, विवेकानंद घाट सहित अन्य घाटों पर स्नान पूजा–पाठ और दान–पुण्य किया।
- छिन्दवाड़ा जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत के तहत विकासखंड तामिया के ग्राम खंडुवा में जल स्रोतों की साफ–सफाई कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

……………………